Raj Express (Indore), 9th September 2020, Page-9

# कक्षा 1 से 5 तक खुलेंगी केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं

इंदौर (आरएनएन)। केंद्रीय विद्यालय की मंजूरी के साथ, आईआईटी इंदौर ने परिसर में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सुविधा जोड़ दी है। शैक्षणिक वर्ष 2020-21 से, नया केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव को शिक्षा मंत्री-सह-अध्यक्ष, केवीएस द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस समय मंजूरी कक्षा 1 से 5 के लिए मिली है। संस्थान में पहले से ही एक स्कूल भवन है जो पहले कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और कार्यालयों के लिए उपयोग किया जाता था। स्कूल भवन में एक खेल का मैदान और खेल की सुविधाएँ भी हैं।

प्रो. नीलेश कुमार जैन, निदेशक (कार्यवाहक) ने कहा, यह आईआईटी समुदाय और इंदौर के लिए एक खुशी का क्षण है कि शिक्षा मंत्रालय ने कैंपस के भीतर केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी दे दी है। वर्तमान में, कक्षा 1 से 5 तक की मंजूरी मिल गई है, लेकिन हम इसे आने वाले समय में 12 वीं तक पूरा करने के लिए प्रयास करेंगे। हमारी कोशिश होगी कि स्कूल को, नई शिक्षा नीति के अनुपालन में, एक बेहतरीन लर्निंग हब बनाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करे। संस्थान केन्द्रीय विद्यालय को, छात्रों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के लिए, परिसर में उपलब्ध विश्व स्तरीय पुस्तकालय और खेल सुविधा प्रदान करेगा।

उम्मीद है कि आईआईटी इंदौर परिसर में आसपास के क्षेत्रों के छात्रों को भी नए केन्द्रीय विद्यालय से लाभ मिलेगा। अधिकांश दस्तावेज पहले ही हो चुके हैं और जल्द ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है।